नगर निगम आमसभा की बैठक हुई हंगामेदार

विपक्ष ने सत्तापक्ष पर लगाये गंभीर आरोप

पार्षद रामाश्रय सिंह ने काला कपड़ा लहराते हुए सत्तापक्ष के विरूद्ध किया सदन में प्रदर्शन

जगदलपुर,16 जुलाई (सन्यूस)। नगर निगम सामान्य सभा की बैठक सोमवार को हुई। सदन में विपक्ष ने सत्तापक्ष को घेरते हुए संजय बाजार में अनियमितता, अटल आवास के अपात्र कब्जाधारियों के विरूद्ध कार्यवाही में देरी, दुकानों के नियमितिकरण, स्वच्छता की डामाडोल स्थिति जैसे मुद्दों को लेकर महापौर पर आरोप लगाया कि उनके निर्देशों का पालन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है। वहीं पार्षद रामाश्रय सिंह ने आरोप लगाया कि सदन में लिये गये निर्णयों पर अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य नहीं करने की बात कहते हुए सदन की कार्यवाही को औचित्यहीन बताया और सदन में काला कपड़ा लहराते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया। वहीं पार्षद के फर्जी हस्ताक्षर मामले को लेकर भी सदन में काफी हंगामा हुआ। स्वच्छता समिति के सभापति राजेश चौधरी द्वारा जांच कमेटी के निर्णय को सही बताकर माफी मांगने के बाद सदन शांत हुआ। दो एजेंडा में से नया बसस्टैण्ड के दुकान की निविदा स्वीकार की गई तथा संजय बाजार स्थित मछली बाजार की दुकान की निविदा की राशि अत्यधिक कम होने के चलते निरस्त किया गया।

सत्तापक्ष पर विपक्षी पार्षदों ने अनेक समस्याओं को लेकर आरोप लगाया। मदर टेरेसा के पार्षद रामाश्रय सिंह ने मिनट बुक में छेड़छाड़ का आरोप लगाया। जिस पर सभापति शेषनारायण तिवारी ने कहा कि यह गलती उनसे नहीं कर्मचारियों से हुई है। इसके पश्चात उन्होने सदन की कार्यवाही को बेनतिजा बताते हुए अपना विरोध प्रदर्शन काला कपड़ा लहराते हुए किया। उनका कहना था कि सदन में लिये गये निर्णयों का पालन अधिकारी, कर्मचारी नहीं करते हैं। 2016 से मांगी जा रही जानकारी अब तब उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने संजय बाजार में ठेला संचालन करने वालों से रसूकदार बाहुबलियो द्वारा एडवांस व किराया वसूला जा रहा है और उन पर नगर निगम प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल वेंकट के कार्यकाल में कालीपुर अटल आवास में 17 अपात्र कब्जाधारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया था। अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। जिन दुकानदारों द्वारा नियमित किराया नहीं दिया जा रहा है उन दुकानदारों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने संजय बाजार तथा गोल बाजार के शेड में स्थाई निर्माण के विरूद्ध भी कार्यवाही करने की मांग सदन के समक्ष रखी। रामाश्रय ने शौचालय निर्माण में हुई अनियमितता की जांच के लिए गठित कमेटी द्वारा अब तक जांच नहीं किये जाने का भी मामला उन्होंने उठाया।

सभापति ने जांच कमेटी के सदस्य ईई एसबी शर्मा से एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिनेश दिया। नगर के विभिन्न स्थलों पर खुले में मांस विक्रय को लेकर भी कार्यवाही किये जाने की मांग की। आयुक्त ने राजस्व प्रभारी को निर्देश दिया कि सात दिनों के अंदर इन सभी जगहों पर मांस विक्रय बंद कराई जाये। वहीं पार्षद फुलेश्वरी कर्रे ने कहा कि धरमपुरा नंबर-1 में निजी स्थल पर मछली विक्रय हेतु अनुमति दी जाये। इन सभी चर्चाओं के बीच नगर निगम आयुक्त ऐके हलधर ने कर्मचारियों के अभाव में कार्य करने में दिक्कत होने की बात कही। कम कर्मचारियों के बीच यथाशक्ति अच्छे से अच्छा सेवा देने का प्रयास किया जा रहा है।

भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही में एक महिला पार्षद की अनुपस्थिति में उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर मामले की जांच कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि जिसने भी यह गलती की है वह गलती को स्वीकार करते हुए सदन के समक्ष क्षमा मांगे। इस पर स्वच्छता समिति के सभापति एवं फर्जी हस्ताक्षर के आरोपी राजेश चौधरी ने कहा कि जांच रिपोर्ट गलत है। मैंने कोई गलती नहीं किया है इसके बावजूद सदन चाहती है तो मैं क्षमा मांगता हूं। इस संबंध में पूछे जाने पर नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे एवं पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा कि इससे असंतुष्ट होकर विपक्ष सदन से बाहर निकल गये। इसके पश्चात श्री चौधरी ने सदन के समक्ष जांच रिपोर्ट को सही बताते हुए सदन से क्षमा मांगा तो विपक्ष शांत हुआ। एजेंडा पर विचार करते हुए बस स्टैण्ड के दुकान के लिए मिले निविदा को स्वीकृत किया गया। तथा संजय बाजार के दुकान के लिए मिले निविदा की राशि अत्यधिक कम होने के चलते निरस्त किया गया। एक अतिरिक्त विषय को भी सदन में प्रस्तुत किया गया। उसमें भी सहमति नहीं बनी।

मौसी के घर जगन्नाथ स्वामी को लगा रहे अमनिया भोग

बस्तर के अलग-अलग क्षेत्रवार बांटी गई हैं जिम्मेदारी

जगदलपुर 16 जुलाई (सन्यूस)। गोंचा पर्व में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा सुभद्रा अपने मौसी के घर स्थानीय सीरासार भवन पधारे हुए हैं और यहां पर श्रद्धालु सत्यनारायण की कथा का आनंद उठा रहे हैं। सामूहिक अमनिया भोग प्रसाद का दौर भी चल रहा है। भवन के अंदर स्थापित भगवान बलभद्र, माता सुभद्रा तथा श्रीजगन्नाथ भगवान के प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर रहे हैं।

श्री गोंचा महापर्व में भगवान जगन्नाथ स्वामी अपने भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के साथ जनकपुर मौसी के घर सीरासार भवन में पहुंच गए है। भगवान को भोग प्रसाद अर्पण करने बस्तर के अलग-अलग क्षेत्रवार जिम्मेदारी बांटी गई हैं। यह विभाजन समाज के द्वारा 95 गांवों में बसे 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के द्वारा किया गया है। भगवान को प्रतिदिन अमनिया का भोग लगाकर सामूहिक पंगत में दाल-चावल तथा खीर और पूरी परोसी जा रही है। प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोग अमनिया भोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। कहा भी गया है कि जगन्नाथ के भात को जग परसे हाथ। भगवान जगन्नाथ बलराम तथा सुभद्रा देवी के दर्शनों के लिए सीरासार में सैकड़ों भक्त रोजाना भीड़ लगाकर प्रसाद ग्रहण करते हुए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। 16 जुलाई को गुनपुर, गुरिया, आलवाही, कावडगांव, सुधापाल, मुरकुची, भानपुरी, करन्दोला, बेसोली,आमाबाल, चमिया, चपका, सोरगांव, कुम्हली और सोनारपाल के लोगो ने अमनिया भोग लगाया गया।

ट्रक की ठोकर से इंजीनियर घायल, मेकाज में भर्ती

भानपुरी 16 जुलाई (सन्यूस)। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सोमवार रात लगभग 8.00 बजे ग्राम बालेंगा के समीप एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार इंजीनियर अमलसाय मौर्य 35 वर्ष को ठोकर मारा जिसे गंभीर हालत में तत्काल उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बकावंड ब्लॉक के पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर अमलसाय मौर्य ड्यूटी करके अपने मोटरसाइकिल से अपने निवास स्थान भानपुरी क्षेत्र के ग्राम सिवनी जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बालेंगा के समीप जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही एक ट्रक ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे मोटरसाइकिल सवार अमलसाय मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल भानपुरी में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मेकाज रेफर कर दिया। ट्रक एवं चालक को पकड़ कर पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

सप्तस्वर संगीत झंकार के कलाकारों ने दी आकर्षक प्रस्तुति

जगदलपुर 17 जुलाई (सन्यूस)। बस्तर गोंचा महापर्व के सांस्कृतिक मंच पर सोमवार की रात ओडिशा के सप्तस्वर संगीत झंकार के द्वारा आकर्षक नृत्य गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया । रिमझिम बारिश के बीच दर्शकों ने देर रात तक झूमते-नाचते कार्यक्रम का आनंद लिए। सप्तस्वर संगीत झंकार के गायक कलाकार एम एन प्रसाद विद्युतप्रभा पटनायक, अर्पिता पाढ़ी, सुधाकर पंडा, अमित सामंतराय और प्रतीक्षा पंडा ने आकर्षक ओड़िया, हिंदी एवं संबलपुरी भजनों की प्रस्तुति देकर देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। रिमझिम बारिश के बावजूद श्रोता कर्णप्रिय भजनों का आनंद देर रात तक लेते रहे।

54 विभाग के 8 हजार अनियमित कर्मचारी हड़ताल पर

जगदलपुर 16 जुलाई (सन्यूस)। नगर के हाता ग्राउंड में छत्तीसगढ़ संयुक्त प्रगतिशील कर्मचारी महासंघ के बैनर तले चार सूत्रीय मांगो के समर्थन में जिले के सभी विभाग में कार्यरत अनियमित कर्मचारी भी 16 जुलाई से हड़ताल पर बैठ गए है। 62 वर्ष तक सेवा वृद्धि करने, 2-3 वर्ष पूर्व छंटनी के नाम पर नौकरी से निकाले गए कर्मचारियो का सेवा बहाल करने, सविदा, दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, मानदेय पर प्लेसमेंट पर कार्यरत कर्मचारियो को नियमित करने और शासकीय सेवा में आउटसोर्सिंग तथा ठेका प्रथा बंद कर समान कार्य समान वेतन लागू करने की मांग करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, वन विभाग, पीडब्ल्यूडी, राजस्व सहित समस्त विभाग के अनियमित कर्मचारी हड़ताल पर है। जिलाध्यक्ष आशिष देवांगन ने बताया की चार सूत्रीय मांग को लेकर जिले के 54 विभाग के 8 हजार कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए है। मांग पुरी होने तक जारी रहेगा। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ लघु वेतन कर्मचारी संघ भी हड़ताल पर उतर आए है।

स्वास्थ्य संयोजक आज राजधानी में देंगे धरना

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ द्वारा की गई प्रांतीय आव्हान पर राजधानी रायपुर में 17 जुलाई को अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जिले के तोकापाल, दरभा, बस्तर, जगदलपुर, बकावंड, लोहाण्डीगुडा और बास्तानार ब्लाक के सैकड़ो स्वास्थ्य संयोजक, सुपरवाइजर और बीईटीओ धरना में शामिल होंगे। संघ द्वारा पिछले 3 साल से वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य मांगो को लेकर कई बार पत्राचार करने के बाद भी ध्यान नही देने का आरोप लगाते हुये धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है। इसके बाद भी मांगे नही माने जाते है तो अनिश्चितकालीनहड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी 16 जुलाई को स्थानीय सिटी ग्राउंड में बैठे छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन भोगी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के आंदोलन को समर्थन देने पहुंचें ।

108 और 102 एम्बुलेंस के कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जगदलपुर 11 जुलाई (सन्यूस)। संजीवनी 108 और महतारी 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने एक बार फिर से प्रदेश भर में न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। नगर के हाता ग्राउंड में 16 जुलाई से धरना प्रदर्शन करने के साथ ईएमटी और पायलट अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इसके चलते आने वाले दिनो में ग्रामीण क्षेत्र के मरिजो को अस्पताल आने-जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कंपनी के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कह रहे है।

बस्तर जिला सहित पूरे संभाग में कार्यरत एम्बुलेंस कर्मचारियों ने 11 जुलाई को काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया था। समय पर वेतन देने, ठेका प्रथा बंद करने और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी ध्यान नही दिए जाने के कारण संजीवनी 108 और महतारी 102 एम्बुलेंस कर्मचारियों ने 16 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। एम्बुलेंस कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से एम्बुलेंस सेवा ठप हो गई है। इसका खामियाजा बस्तर संभाग के सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले गरीब परिवार के लोगो को आने वाले दिनो में भुगतना होगा। हड़ताल का असर पहले ही दिन से दिखने लगा है।जीवीके कंपनी के नरेश केरकेट्टा ने बताया कि हड़ताल के चलते वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके पहले भी संजीवनी 108 और महतारी 102 ने 5 अप्रैल से 11 अप्रैल तक अपनी इन्हीं मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था। लेकिन उस समय इन्होंने सरकार द्वारा मांगे माने जाने के आश्वासन के बाद हड़ताल वापस ले ली थी। अब तीन महीने बीत जाने के बाद भी इनकी मांगों पर अमल नहीं किया गया है। जिससे फिर अब ये आंदोलनरत हो गए है।

हड़ताल पर बैठे संजीवनी 108 और महतारी 102 के कर्मचारियो ने बताया कि इस बार आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए बैठे है। बार-बार हम लोगो को केवल आश्वासन देकर झुनझुना पकड़ा दिया जाता है।

झोपड़ी में रह रहे गरीब को नहीं मिल रहा महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ

भानपुरी 16 जुलाई(सन्यूस)। बस्तर विधानसभा क्षेत्र के बकावंड ब्लाक के ग्राम पंचायत मैलबेड़ा में विभिन्न राजनैतिक दल या सरकार विकास यात्रा करा कर तत्काल लोगों को बुनियादी व मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का दावा करते आ रहे है। लेकिन आज गरीब परिवार के लोगो को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओ का लाभ नही मिल रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए इंतजार कर रहे है। इस ओर कोई अधिकारी ध्यान नही दे रहे है।

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के बकावंड ब्लाक के ग्राम पंचायत मैलबेड़ा में ग्रामीण महिला जो विगत 30 वर्षों से इस ग्राम पंचायत में निवासरत है। पंचायत में इन्हें आज तक इंदिरा आवास , राशन कार्ड ,वृद्धा पेंशन ,उज्ज्वला योजना आदि भिन्न भिन्न योजना के लिए तरस रही है। गरीब महिला रनाई बाई उम्र करीब 60 वर्ष है रहने के लिए घर नही है बड़ी मुश्किल झोपड़ी बनाकर रह रही है जिसमें पानी चारो तरफ झर रहा है बड़े दयनीय स्थिति है।इसके बेटा बहू काम करने के लिए बाहर जाते हैं साथ में पोता पोती रहते हैं जिनकी पालन पोषण के लिए मजदूरी करके घर चलाती महिला टूटा हुआ कच्चे मकान में रहने मजबूर है।

इस महिला की स्थिति देख कर पंचायत की घोर लापरवाही उजागर हो रहा है।

खपरा बेचना है

नया मैंगलोर टाइल्स (खपरा) बिल्कुल अच्छी हालत में बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मोबाइल नंबर- 9713152402

गुप्त रोगी सम्पर्क करें

शरीरिया इलाज स्त्री-पुरूष, गुप्त रोग, शीघ्र पतन, स्वान दोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेंशपन का मशीनों द्वारा

जांच गारंटी के साथ शरीरिया इलाज

संपर्क- डॉ. अहमद

जे.जे. हॉस्पीटल, आर.एन.एस. मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड के पीछे मिलाई

प्रविलिन सुबह 9 से 5 बजे रविवार 9 से 2

साक्षात: डॉ. अहमद जे. जे. हॉस्पिटल के नाम अन्य कोई भी साख्या नहीं है. मिलते-जुलते नाम से धोखा न खाएं. पेपर कटिंग साथ में लावें.

जे.जे. हॉस्पिटल 0788-2296252, 9098889899

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार कामप्लेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार कामप्लेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मंगिकुचला बोस
कार्यकारी संपादक - शिवस्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)